Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार **सच का साथी** दिनांक 24.11.2021 अंक 64

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

## रसोईया धमना के समीप हुई सड़क दुर्घटना में दो घायल

**अपेम लाइवः बरही**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत रसोईया धमना मोड के समीप सड़क दुर्घटना में बोकारो निवासी जितेंद्र कुमार उम्र 33 वर्ष पिता गोपाल भुइयाँ, संजय कुमार उम्र 38 वर्ष पिता शंभु पासवन घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक एक बाइक में सवार होकर बोकारो से शेरघाटी जा रहे थे। आस पास के लोगो ने उन्हें तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

## आपसी विवाद में हुई मारपीट में 6 घायल

**अपेम लाइवः बरही**

बरही थाना क्षेत्र अन्तर्ग बरसोत निवासी प्रवीण कुमार पिता किशुन सिंह, नवीन कुमार पिता किशुन सिंह, पूनम देवी पति निरंजन प्रसाद, निरंजन प्रसाद पिता स्व गंगोत्री राम, सचिन कुमार पिता निरंजन प्रसाद, चमेली मोसोमात पति स्व गंगोत्री राम आपसी विवाद में हुई मारपीटमें घायल हो गए। जहाँ सभी घायलों का इलाज बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया।


## नवभारत जागृति केंद्र के सौजन्य से विजैया में लगाया जाँच शिविर




जाँच शिविर मे शामिल लोग

**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखंड़ अंतर्गत विजैया पंचायत के विजैया में नव भारत जागृति केंद्र हज़ारीबाग़ के सौजन्य से जाँच शिविर लगाया गया। जिसमें मोतियाबिंद का जाँच एवं सामान्य बीमारी का जाँच किया गया। जिसमे जाँच टीम से डॉ आर एन सिन्हा, आलोक टोप्पो, राजू कुमार एवं सुजीत कुमार शामिल थे। इस कार्यक्रम में जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, मुखिया दशरथ यादव, पंचायत समिति सदस्य देवलाल कुशवाहा, उप मुखिया सहदेव शर्मा एवं गांव के अन्य लोग मौजूद थे।



# अपेम की ओर से कल 25 नवंबर को क्विज, खेलकूद, नृत्य संगीत प्रतियोगिता सह सम्मान समारोह का होगा आयोजन,

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर शिक्षा , स्वास्थ्य एवं खेलकूद पखवाड़ा का किया जा रहा आयोजन

**अपेम लाइवः बरही**

अनुमंडल पत्रकार एकता मंच (अपेम) के सौजन्य से गुरुवार सुबह दस से मध्य विद्यालय बेन्दगी में क्विज, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियो. गिता सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। गौरतलब हो अपेम पत्रकरो का संगठन है। जिसका उद्देश्य पत्रकारिता के साथ साथ समा. जिक उत्थान भी करना भी है, बताते चले कि 16 नवंबर यानी रास्ट्रीय पत्रकार दिवस के उपलक्ष पर अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापत्ति ने घोषणा किया था कि 16 नवंबर से 30 नवंबर तक अनुमंडल के सभी चयनित विद्यालयों में खेल–कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, एवं प्रतियोगिता सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा । 17 नवंबर से लगातार कार्यक्रम जारी है। इसमें सफल विद्यार्थियों को मेडल, पुरुस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। 25 नवंबर गुरुवार को 10 बजे से मध्य विद्यालय बेन्दगी में किया जाना है। इस बात की जानकारी अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने दी है।




# बरही प्रखंड मैदान में 'आपके अधिकार 'आपकी सरकार 'आपके द्वार'' कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

## शिक्षा, स्वास्थ्य ,पीडीएस सहित दर्जनों स्टॉल लगाकर की सरकारी योजनाओं की जानकारी

**अपेम लाइवः बरही**




कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथिगण व लोग

झारखण्ड सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर हजारीबाग जिले के सभी पंचायतों में शि. विर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बरही प्रखंड मैदान में शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्‌घाटन , एसडीओ पूनम कुजूर, सीओ अरविन्द देवाशीष टोप्पो, प्रमुख मंजू देवी, बरही विधानसभा के विधायक प्रति. निधि बिनोद कुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, युवा नेता अमित जयसवाल, बरही पश्चमी के भावी जीप प्रत्याशी सुषमा विश्वकर्मा,बरही पूर्वी के मुखिया उम्मीदवार अमृता जयसवाल, समाजसेवी गुरुदेव गुप्ता, मुखिया छोटन ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडीएस, सामाजिक सुरक्षा पेशन, मत्स्य विभाग, कृषि एवं श्रम विभाग का स्टॉल लगाया गया। मौके पर आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचा. लित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना संबंधी आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। साथ ही आमजनों की समस्याओं व शिकायतों का निराकरण भी किया गया। इस शिविर में स्थानीय जनमानस से योग्य लाभूक के आधार पर राशनक. ार्ड, जॉब कार्ड, पेंशन, विभिन्न प्रमाण–पत्रों, मनरेगा, केसीसी, श्रम निबंधन, विद्युत, 15वें वित्त, स्कॉलरशिप, दाखिल–खारिज, वनाधिकार सहित अन्यान्य आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन किए गए। साथ ही इन शिविरों में पहुंचने वाले स्थानीय ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित जनोपयोगी एवं रोजगारोन्मुखी योजनाओं की विस्तृत जानकारी पोस्टर, पम्फलेट, बैनर व ऑडियो–विडियो के माध्यम से जानकारी दी गई ताकि वे इन योजनाओं के बारे में जान सके और स्वरोजगार कर मुख्यधारा से जुड़ते हुए बेहतर जीविकोपा. र्जन कर सकें। वहीं शिविर में स्वास्थ्य विभाग के तरफ जांच स्टॉल लगाकर शिविर में आये ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच की सुविधा दी गई।

**APEM LIVE**

दिनांक: 24-11-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 02

## बिरसा कृषि प्रक्षेत्र से दो बैट्री चोरी करते पांच को बिरसाकर्मियों ने पकड़ा, पुलिस को सौपा, बैटरी बरामद

**अपेम लाइव : बरही**



पकडे गए बैटरी चोर

बिरसा कृषि प्रक्षेत्र गौरिया कर्मा में मंगलवार सुबह बिरसा कृषि प्रक्षेत्र के एक कमरा का ताला तोड़कर कबाड़ चुनने वाले सात लोगों को दो बैट्रा चोरी करते बिरसा कृषि प्रक्षेत्र की कर्मियों ने धर दबोचा। पकड़े गए लोगों में गुनिया भुइयाँ, मुन्नी देवी, छोटी भुइयाँ, गोमती देवी, बबिता कुमारी एवं जुगली भुइयाँ सभी न्यू बस स्टैंड हज़ारीबाग़ एवं टेम्पो चालक महेंद्र साव रूद डूमरौंन इचाक निवासी शामिल हैं। जनकारी के मुताबिक सभी कबाड़ चुनने के दौरान दो बैट्री भी चोरी कर ली। तभी बिरसा कर्मियों की नजर उन पर पड़ी। सभी को पकड़ा कर पुलिस को खबर की गई। तब तक आस पास के लोग जमा हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची । पुलिस सभी टेम्पो एवं बैटरी के साथ को बरही थाना ले आई। सभी ने लिखित तौर पर पुलिस के समक्ष गलती स्वीकार की। कहा आइंदा इस तरह की गलती नही होगी। इधर कबाड़ चुनने वाले के द्वारा गलती मान लेने तथा उसकी गरीबी को देखते हुए बिरसा कृषि प्रक्षेत्र प्रबंधन भी उसकी गलती को माफ करते हुए पुलिस से उन्हें मुक्त कर देने का आग्रह किया। उसके बाद सभी को मुक्त कर दिया गया। चोरी किया गया बैटरी भी पुलिस ने बिरसा कृषि प्रक्षेत्र प्रबंधन को वापस कर दिया।

## महिला जागरूकता को ले जन विकास केंद्र के द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




नुक्कड नाटक कर लोगों को जागरूक करते कलाकार

बरकठा प्रखण्ड ग्राम पंचरुखी, मेरमगढा,धरहरा गांव मे जन विकास केंद्र , हजारीबाग के द्वारा नुकड – नाटक का आयोजन किया गया नाटक के माध्यम से मानव तस्करी, बाल विवाह , बाल मजदूरी रोकथाम और करोना वायरस से बचाव व टीकाकरण को ले कर जागरुकता अभियान चलाया गया। नाटक मंडली में मुख्य रूप से कलाकार अमजद अली, सूरज कुमार, दीपक कुमार, सन्तोष कुमार और स्वेता पांडे द्वारा बेहतरीन नुकड नाटक का मंचन किया गया इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने नाटक का लुत्फ लिया सहयोग कर्ता जन विकाश केंद्र से प्रोजेक्ट कोर्डीनेटर सुरेश कुमार, जिला कोडीनेटर राजीव कुमार, एनिमेटर सोहन हांसदा और राजाराम बेसरा की भुमिका सराहनीय रही।

## बरही पश्चिमी जीप उम्मीदवार सुषमा विश्वकर्मा (रिंकी) ने चलाया जनसंपर्क अभियान, लोगो से माँगा समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**



जनसंपर्क अभियान चलाती सुषमा विश्वकर्मा

बरही पश्चमी क्षेत्र के जीप प्रत्याशी सुषमा विश्वकर्मा (रिंकी) ने अपने क्षेत्र के गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के तहत थाना मोहल्ला कोनरा पंचायत पहुंच कर लोगों से उनकी समस्याओं को जानी, उन्होंने कहा कि मैं आपके साथ हमेशा हुँ। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे बस एक बार मौका दे। मैं स्वयं काम करूंगी हर समस्याओं का समाधान करूंगी इसलिए मैं खुद आई हुँ। काम कोई भी हो मैं उसे किसी के सहारे नहीं छोडूंगी। क्योंकि मुझे वैशाखी की जरूरत नहीं है। आप लोग का साथ होगा तभी मैं विकास कर पाऊंगी और मुझे आप सभी का आशीर्वाद चाहिए। जाति को छोड़ो समाज को जोड़ सभी ने एक ही आवाज में नारा लगाया महिला सीट आरक्षित है। तो महिलाओं को आगे आना है रिंकी विश्वकर्मा को ही जिला परिषद बनाना है। वहीं सुषमा विश्वकर्मा उर्फ रिंकी ने कहा कि मुझे आप लोग का इतना प्यार और इतना विश्वास मिल रहा है। इसके लिए मैं सदा आभारी रहूँगी, आप लोग की कर्जदार रह. ूंगी। और जब तक मैं बरही का विकास नहीं कर लेती तब तक चौन से नहीं बैठूंगी। हर क्षेत्र में विकास की रोशनी फैलेगी। वही जनसंपर्क अभियान में उपस्थित महिलाओं ने उन्हें सहयोग देने का आश्वासन दिया है। मौके पर रजिया प्रवीण, निखत प्रवीण, इशरत प्रवीण, नूरजहां खातून, सैरा खातून, ईसाद आलम आदि लोग मौजूद थे।







डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## आपके अधिकार-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम शिविर का आयोजन

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

चौपारण : प्रखण्ड में आपके अधिकार-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का चौथे शिविर का आयोजन बुधवार को प्रखण्ड के दादपुर पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय सिंहपुर के परिसर में हुआ। इसमें भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रेमचन्द सिन्हा, प्रधान नूतन सिन्हा ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। मंच का संचालन व कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव द्वारा किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ एसपी सिंह ,डीआर सीएचओ डॉ कपिल मनी प्रसाद, यूनिसेफ कोऑर्डिनेटर अफरीन हुसैन ने भी शिविर का निरीक्षण किया। बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा ने बताया शिविर में 992 आवेदन विभिन्न विभागों में प्राप्त हुए हैं जिसमें 408 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन हुआ। जिसमें नए राशन की स्वीकृति के लिए 113, राशनकार्ड त्रुटि के लिए 164,पेंशन के लिए 61,मनरेगा के तहत नए जॉब कार्ड के लिए 25, ई श्रम पोर्टल पर निबंधन के लिए 9, मुख्यमंत्री पशुधन योजना 38 एवं रोजगार सृजन योजना अंतर्गत 27,फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के तहत 12, स्वास्थ्य जांच 130,कोविड वेक्सीन 130, पोएम आवास ग्रामीण के लिए 120 सहित अन्य विभागों में भी आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं इस दौरान मुखिया, प्रतिनिधि अरबिंद सिन्हा, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव, जानकी यादव, डब्लू अंसारी, जितेंद्र सिंह, सीआरपी मो शोएब, प्रभारी कमलेश कमल, शिक्षक राज. कुमार प्रजापति, प्रेम पासवान, नवीन यादव, सुग्रीव रजक, मनोज कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।


कार्यक्रम मे शामिल अतिथिगण व लोग

## चौपारण जिला परिषद भाग-दो के प्रत्याशी मनोज कुमार सिंह ने भाजपा के कई गणमान्य नेताओं से किया मुलाकात

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

चौपारण जिला परिषद भाग-दो के प्रत्याशी मनोज कुमार सिंह ने भाजपा के कई गणमान्य ने. ताओं से मुलाकात किए। उन्होंने बताया कि झारखण्ड प्रदेश भाजयुमो कार्यसमिति कि आज की बैठक को लेकर रांची में कई जगह युवा अध्यक्ष के साथ रांची शहर में झंडा लगाने का कार्य किया।चौपारण जिला परिषद भाग-दो के प्रत्याशी मनोज कुमार सिंह ने रांची पहुंचकर पुर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी, भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर, महिला मोर्चा के महामंत्री सीमा सिंह, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, महामंत्री रूपेश सिन्हा, प्रदेश मंत्री पुजा सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूनम साहु सहित भाजपा के कई लोगों को शॉल देकर सम्मानित किए। उनके साथ सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह, युवा नेता धीरज कुमार, आर्थर हुसैन, विकास सिंह, शशि कुमार सहित कई लोगों उपस्थित थे।



शीर्ष नेताओं से मुलसकात करते मनोज सिंह

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

## एएनएम व स्वाथ्यकर्मियों को एचआईवी-एड्स से बचाव एवं रक्तदान के महत्व विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

### जानकारी ही एड्स से बचाव : धीरज कुमार

**अपेम लाइव : चँदवारा**

कोडरमा के सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में झारखंड राज्य एड्स कंट्रोल सोसाइटी के तत्वावधान में ट्राई एनजीओ द्वारा जिले के सभी प्रखंडों के 30 एएनएम व स्वाथ्यकर्मियों को एचआईवी-एड्स से बचाव एवं रक्तदान के महत्व विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डीपी सक्सेना ने किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान ट्राई संस्था के मास्टर ट्रेनर धीरज कुमार ने एचआईवी-एड्स से बचाव पर विस्तृत चर्चा किया। साथ ही साथ रक्तदान के फायदे के भी बताए। इस दौरान उन्होंने एचआईवी-एड्स रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम 2017 के विभिन्न धाराओं को विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि एड्स पीड़ित व्यक्ति को कानून के तहत कई अधिकार दिए गए हैं। जिसकी अवहेलना नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने रक्तदान करने के फायदे को भी बताया। मौके पर सिविल सर्जन डीपी सक्सेना ने स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि वह अपने-अपने कार्य स्थलों पर जाकर एचआईवी एड्स एवं रक्तदान से सं. बंधित विषय पर लोगों को जागरुक करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर अगर कोई व्यक्ति एचआईवी एड्स से पीड़ित है तो उनका उपचार कैसे हो इस बात की जानकारी मुहैया कराना हम सबों की जिम्मेवारी है। मौके पर एएनएम प्रतिमा कुमारी, नंदनी कुमारी, सुनीता कुमारी, संध्या कुमारी, सुमित्रा देवी, जीवंती टोप्पो, संगीता कुमारी, मीना कुमारी, दयंती कुमारी, मीना कुमारी, कुमारी रंजना, प्रिया सिंह मंजू इक्का, अमृता लकरा आदि मौजूद थे।


एचआईवी एड्स पर प्रशिक्षण देते मास्टर ट्रेनर धीरज कुमार

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---25.11.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---कृष्ण पक्ष
तिथि :---षष्ठी तिथि
दिन :---गुरुवार
नक्षत्र :---पुष्य दिन 03:35 मिनट तक उपरांत अश्लेषा नक्षत्र
योग :---ब्रह्म
करण :---गर
सूर्योदय :---प्रातः 06:41
सूर्यास्त : संध्या 05:19
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---कर्क राशि में
आज का राहूकाल दिन :---01:30 बजे से दिनः---03:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास :---आज शिवलिंग के ऊपर दुग्धाभिषेक करने से सन्तान से संबंधित समस्याओं से राहत मिलती है।


संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

THE MECHANICS
विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर
प्रो० - विक्रम कुमार
हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है!

TVS Hero BAJAJ HONDA YAMAHA SUZUKI Lifelong ROYAL ENFIELD PIAGGIO Mahindra
पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :- 6200723851




## RAINBOW SCHOOL BARHI

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)







Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES








- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum

इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,

शुभ दीपावली



रामदेव साव



सुभाष पासवान



मंटु सिंह



कुनाल कतरियार



बिनोद कुमार




टुन्नू केशरी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना



## एनटीपीसी टाउनशिप निर्माण कार्य का कार्यकारी निदेशक ने किया शुभारंभ

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



शिलान्यास करते हैं कार्यकारी निदेशक एमवी आर रेडी

पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के सीकरी साइड कार्यालय स्थित परिसर में टाउनशिप एवं अ०फिस व अन्य कार्यो के लिए निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि परियोजना के कार्यकारी निदेशक एम. वी. आर रेड्डी द्वारा पूजा अर्चना कर किया गया। भवन निर्माण की अवधि 18 महीने की होगी तथा परिसर में निवास, शझूपिंग काम्प्लेक्स, स्कूल, चिकि. सालय, खेल-कूद का मैदान तथा अन्य सुविधाएं विक. सित की जाएंगी।कार्यो का शिलान्यास धार्मिक अनुष्ठान के द्वारा किया गया। जिसमें महाप्रबंधक (परियोजना) नीरज जलोटा, महाप्रबंधक (बादम) संजय सेठ, अपर महाप्रबंधक आनंद अग्रवाल, शिव प्रसाद, एवं अमित कुमार अस्थाना, उप महाप्रबंधक (सिविल) अकलादेवी रवि एवं अन्य एनटीपीसी कर्मचारी उपस्थित थे।

## बड़कागांव प्रखंड के चेपाकला पंचायत के हुदवा में अधूरे पुल निर्माण के मामले को अंबा प्रसाद ने निवेदन समिति की बैठक में उठाया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



बैठक में शामिल विधायक अंबा प्रसाद

बड़कागांव हजारीबाग पथ स्थित माता रुकमणी देवी भवन में सामाजिक सद्भावना संगठन की बैठक बुधवार को कि गई। जिसकी अध्यक्षता बजरंग दल प्रखंड अध्यक्ष जयदीप मेहता ने की । बैठक में हिंदू धर्म के महत्व एवं अस्तित्व पर चर्चा की गई। संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रदेश प्रचारक विजय घोष ने कहा कि भारत में रहने वाले सभी लोगों का इतिहास हिंदू है। भले ही बीच में दूसरे धर्म में चले गए लेकिन वह भी अब घर वापसी की इच्छुक है। भारत में भले ही जात – पात में लोग बटा हुआ है। लेकिन जात –पात को एक सूत्र में बांधने वाली माला को हिंदुत्व कहते हैं। हिंदुत्व को तोड़ने की षड्यंत्र चल रही है लेकिन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिंदुस्तान को एक सूत्र में बांधने का सफल प्रधानमंत्री बने। यही कारण है कि तीन तलाक, पर्दा प्रथा, 370 धारा समाप्त करने में सक्षम प्रधानमंत्री बने। हिंदुत्व की पहचान पूजा-पाठ, संस्कृति, रीति रिवाज एवं संस्कार है। मौके पर जिला कार्यवाहक अभिजीत कुमार, चतरा जिला संगठन सुमन कुमार, गोपाल गुप्ता, कौलेश्वर साव, बेचन साव, कैलाश साव, सरोज सोनी, अमर पांडेय, मेवा नाग, शशि कुमार मिश्रा, उमेश्वर साहू, दीपक कुमार, जगलाल साव, घनश्याम यादव, पंकज कुमार गुप्ता, सुनील कुमार, खिरोधर महतो, विनोद सिन्हा, सदानंद तिवारी, देव नारायण प्रसाद शिव शंकर, कुमार, किशोर राम, जयकरण साव, अशोक ठाकुर, चंदेश्वर सिंह,सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भारत के विभिन्न जातियों को एक सूत्र में बांधना ही हिंदुत्व है : प्रदेश प्रचारक

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



कार्यक्रम में शामिल लोग

बड़कागांव हजारीबाग पथ स्थित माता रुकमणी देवी भवन में सामाजिक सद्भावना संगठन की बैठक बुधवार को कि गई जिसकी अध्यक्षता बजरंग दल प्रखंड अध्यक्ष जयदीप मेहता ने की । बैठक में हिंदू धर्म के महत्व एवं अस्तित्व पर चर्चा की गई। संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रदेश प्रचारक विजय घोष ने कहा कि भारत में रहने वाले सभी लोगों का इतिहास हिंदू है। भले ही बीच में दूसरे धर्म में चले गए लेकिन वह भी अब घर वापसी की इच्छुक है। भारत में भले ही जात – पात में लोग बटा हुआ है। लेकिन जात –पात को एक सूत्र में बांधने वाली माला को हिंदुत्व कहते हैं। हिंदुत्व को तोड़ने की षड्यंत्र चल रही है लेकिन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिंदुस्तान को एक सूत्र में बांधने का सफल प्रधानमंत्री बने। यही कारण है कि तीन तलाक, पर्दा प्रथा, 370 धारा समाप्त करने में सक्षम प्रधानमंत्री बने। हिंदुत्व की पहचान पूजा-पाठ, संस्कृति, रीति रिवाज एवं संस्कार है।मौके पर जिला कार्यवाहक अभि. जीत कुमार, चतरा जिला संगठन सुमन कुमार, गा. ेपाल गुप्ता, कौलेश्वर साव, बेचन साव, कैलाश साव, सरोज सोनी, अमर पांडेय, मेवा नाग, शशि कुमार मिश्रा, उमेश्वर साहू, दीपक कुमार, जगलाल साव, घनश्याम यादव, पंकज कुमार गुप्ता, सुनील कुमार, खिरोधर महतो, विनोद सिन्हा, सदानंद तिवारी, देव नारायण प्रसाद शिव शंकर, कुमार, किशोर राम, जयकरण साव, अशोक ठाकुर, चंदेश्वर सिंह,सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जेपीएससी में युवाओं को न्याय देने की मांग पर, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष और विधायकों को लाठी से पिटवा रही है हेमंत सरकार : भाजयुमो

**अपेम लाइव : रांची**



रीतेश सिंह

जेपीएससी के रिजल्ट में हुए घोटाले का मुद्दा शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किए जाने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता रीतेश सिंह ने हेमंत सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि छात्रों पर किया गया लाठीचार्ज बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। झारखंड के युवाओं को हेमंत सरकार ने नियुक्ति वर्ष के नाम पर ठगा और अब जेपीएससी में नियुक्ति के नाम पर घोटाला किया गया है। झारखंड के युवा न्याय लेने के लिए सड़क पर आंदोलन करते हैं, परंतु हेमंत सरकार उन्हें न्याय देने की जगह लाठी से पिटवाती है। इतना ही नहीं उन छात्रों की आवाज उठाने के लिए भाजपा विधायक श्री भानु प्रताप शाही और नवीन जायसवाल व युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी भी छात्रों के आंदोलन में शामिल होते हैं, तो उन्हें भी हेमंत सरकार द्वारा प्रशासन से पिटवाया जाता है। छात्रों की मांग बहुत जायज है, फिर भी उन्हें न्याय लेने के लिए सड़क पर बैठकर आंदोलन करना पड़ रहा है। युवाओं को रोजगार की जगह हेमंत सरकार लाठी दिखा कर डरा रही है परंतु ना ही छात्र डरेंगे और ना ही युवा मोर्चा के कार्यकर्ता डरने वाले हैं। हेमंत सरकार की इस नि. रंकुश और न्याय ही व्यवस्था को उखाड़ फेंकने के लिए आंदोलन का रास्ता ही अपनाया जाएगा झारखंड में हेमंत सरकार कभी भी न्याय नहीं दे पाएगी। झारखंड के युवाओं और छात्रों के साथ युवा मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता खड़ा है। किसी भी तरह का अन्याय होने पर युवा मोर्चा सदैव युवाओं की आवाज बनेगा।

## हेमंत सोरेन की सरकार को बदनाम करने का खेल और षडयंत्र रचने का कार्य कर रहे हैं भाजपा आजसू के विधायक:विजय शंकर नायक

**अपेम लाइव : रांची**



विजय शंकर नायक

झारखंडी युवाओं बेरोजगारों तथा जेपीएससी के उम्मीदवारों को भाजपा आजसू के विधायक भानु प्रताप शाही, नवीन जयसवाल , लंबोदर महतो उकसा कर इन लोगों को पुलिस से पिटवा ने का काम कर देश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार को बदनाम करने का खेल और षडयंत्र रचने का कार्य कर रहे हैं जिसका झारखंडी सूचना अधिकार मंच कड़े शब्दों में इसकी निंदा करता है और सभी युवाओं बेरोजगारों तथा जेपीएससी के उम्मीदवारों से अपील करता है कि वह भाजपा एवं आजसू के विधायकों के बहकावे एवं झांसे में ना आएं और अपना आंदोलन को शांतिपूर्ण संवैधानिक तरीके से जारी रखें ताकि आप सबों के साथ न्याय किया जा सके जिसकी मंच को उम्मीद है कि जल्द ही हेमंत सोरेन की सरकार आप के समर्थन में फैसला लेने का कार्य करेगी और सातवीं एवं दसवी जेपीएससी के परीक्षा रिजल्ट के विवाद को समाप्त करेगी। उपरोक्त बातें आज झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष हटिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने युवाओं बेरोजगारों तथा जेपीएससी के उम्मीदवारों पर लाठी चार्ज किए जाने पर अपने प्रतिक्रिया में कहीं । इन्होंने लाठीचार्ज किए जाने की घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कड़े शब्दों में इसकी निंदा किया है तथा इस लाठीच. ार्ज प्रकरण की अविलंब न्यायिक जांच कर दोषी पु. लिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग हेमंत सोरेन से किया है और उन से अनुरोध किया कि वे झारखंडी युवाओं बेरोजगारों तथा जेपीएससी के उम्मीदवारों के भावनाओं को समझें और उनके संवैधानिक जायज मांग को पूरा करें तथा भाजपा के राज में जेपीएससी की जो गरिमा साख गिरी थी उसे बचाने की दिशा में अविलंब घोटाला के आरोपी जेपीएससी के अध्यक्ष अमिताभ चौधरी को तत्काल रूप से हटाने की दिशा में कार्य कर अपना एक आदर्श प्रस्तुत करें।श्री नायक ने साफ शब्दों में कहा कि भाजपा की पूर्ववर्ती सरकारों ने जेपीएससी को लूट एवं भ्रष्टाचार का अड्डा बना कर झारखंडी युवाओं बेरोजगारों तथा जेपीएससी के उम्मीदवारों के नौ. करियों को पैसा के बल पर बेचने का कार्य किया था जो मेधा घोटाला किया था अब यह परंपरा अविलंब बंद की जानी चाहिए और जेपीएससी को एक आदर्श इमानदार संस्था के रूप में विकसित किया जाना चाहिए ताकि जेपीएससी के पुराने पापों को धोया जा सके और झारखंडी युवा बेरोजगारों तथा जेपीएससी के उम्मीदवारों के कसौटी में खड़ा उतारा जा सके इसके लिए हेमंत सोरेन विशेष फोकस करें ताकि इन वर्गों को न्याय मिल सके।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## अनिल मिश्रा को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर, भाजपाइयों ने दी बधाई


**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



**अनिल मिश्रा**

भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के द्वारा बड़कागांव निवासी पुर्व प्रखंड अध्यक्ष सह पुर्व 20 सूत्री अध्यक्ष अनिल मिश्रा को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल के पदाधिकारियों ने बधाई दी है एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, जिला अध्यक्ष अशोक यादव समेत भाजपा प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट किया।बधाई देने वालों में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत निराला, पूर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव, महामंत्री दिनेश करमाल, सुमन गिरी,कोषाध्यक्ष ज्ञान. चंद कुमार उर्फ ज्ञानी, उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा,भाजयुमो अध्यक्ष विजय यादव, मंत्री कृष्ण गुप्ता, बिनोद महतो, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष भुपाल स्वर्णकार, किसान मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, सचिदानंद पाण्डेय, सुरेश महतो, ललीता देवी, हेम. राज यादव, लालदेव महतो, दशरथ चौधरी, छोटन सिंह, कार्तिक मांझी, तुलसी पा. सवान, नंदकिशोर मेहता, मनोज प्रभाकर, बढ़न तुरी, फुलचंद बेदिया, धनलाल बेदिया, तालेश्वर प्रसाद, बिसुनदेव राणा,धनु महतो आदि।







## आपके अधिकार,आपकी सरकार ,आपके द्वार कार्यक्रम में कोल्हैया में उमड़ी भीड़

### कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट हुआ सॉल्यूशन

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**

**प्रमोद सिंह**





कार्यक्रम में शामिल लोग

बुधवार को आपके अधिकार,आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन प्रखण्ड के कोल्हैया गांव में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता बी डी ओ हुलास महतो एवं संचालन बी पी ओ निरजंन सिंह ने किया।ऊक्त कार्यक्रम में प्रखण्ड के विभिन्न स्ट०ल को लगाया गया था।ि. जसमे कोल्हैया पंचायत के ग्रामीणों ने अपनी अपनी विभिन्न समस्याओं को रखी,ग्रामीणों की दर्जनों ऐसी समस्याएं थी जिसे बी डी ओ ने अ०न द स्प०ट ही निपटारा कर दी।कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने द्वीप प्रज्वल्लित कर किया गया।उसके बाद बृद्ध एवं असहाय बुजर्गो के बीच कम्बल का वितरण किया गया।वहीं कोल्हैया पंचायत के दर्जनों गरीबो को प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रमाण दिया गया तथा विधवा एवं बृद्धाओ को पेंशन का की स्वीकृति दी गई।कई लाभुकों को मन. रेगा से ज०ब कार्ड,मनरेगा से मांग के आलोक में काम दिया गया,वहीं पशुधन योजना से गाय सेड एवं कई प्रकार के सरकारी योजनाओं से सम्बंधित योजनकाओ का स्वकृति पत्र वितरण किया गया।कार्यक्रम को बी डी ओ हुलास महतो ने सम्बो. धित करते हुए कहा कि यह मौका बार बार नहीं आता है यह मौका सुनहरा है जब सरकार आपके अधिकार की जानकारी के लिए और आपके जो अधिकार है उसे आपके पास कैसे पहुंचे इसके लिए सरकार यह कार्यक्रम आयोजित की हैं।उन्होंने कहा कि आप अपने अधिकार को समझे और अधिकार को आप तक पहुंचे।कार्यक्रम को समाज सेवी अरुण सिंह ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार की जो विभिन्न योजना है वो आप तक कैसे पहुंचे इसके लिए सरकार यह कार्यक्रम आयोजित की है।प्रमुख रुणा देवी ने कही की सरकार की योजना गरीबो तक कैसे पहुंचे इस कार्यक्रम का यही उद्देश्य है।कार्यक्रम कई लोगो ने सम्बोधित किया।

**विभिन्न विभागो का लगाया गया था स्टॉल**–कोल्हैया पंचायत में पहली बार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया था।जिसमे प्रखण्ड के विभिन्न विभागों के स्टॉल को लगाया गया था। जिसमे मनरेगा, पेंशन, जे एस एल पी एस, आंगनबाड़ी, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग,तेजस्विनी योजना,15वें वित्त,राजस्व विभाग, एवं आवासीय जाती, आय प्रमाण पत्र का स्टॉल लगाया गया था।

**काश प्रत्येक दिन होता सरकार आपके द्वार कार्यक्रम** कोल्हैया में पहली बार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित होने से ग्रामीणों के बीच खुशी की लहर थी।ग्रामीणों ने कहा कि काश प्रत्येक दिन,प्रत्येक माह होता ऐसा कार्यक्रम तो हम लोगो को समस्या जल्द होती हल।ग्रामीणों ने आगे कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से कई **समस्याओं का हल हुआ।**

**पी एच डी और बैंक का नहीं लगा स्टॉल** सबसे मुख्य रोल पी एच डी का एवं बैंक का होता है लेकिन शिवीर में ये दोनों विभाग नदारत रहे।दर्जनो लोग शिविर में बैंक से एवं पानी एवं स्वच्छता से सम्बंधित समस्या लेकर आए लेकिन शिविर के ना ही बैंक का स्ट०ल था और ना ही पी एच डी विभाग का ।इन दोनों विभाग के नदारत रहने के कारण सैकड़ो लोग आपके अधिकार,आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से बेरंग ही लौटना पड़ा।हालांकि बी डी ओ हुलास महतो ने कहा को जो कार्यक्रम में नहीं आए उन पर कार्रवाई के लिए उपायुक्त को लिखा जाएगा. ।हालांकि सभी विभाग को पत्राचार किया गया था।

**कार्यक्रमबमे ये लोग थे उपस्थित**– इस कार्यक्रम में बी डी ओ ,बीपीओ, प्रमुख, के अलावे राजस्व कर्मचारी अभय रंजन, मुखिया देवंती देवी, बैजनाथ सिंह भोक्ता, बैजनाथ कुमार, विजय चौबे,एम ओ, सत्येन्द्र कुमार वर्मा,नवीन तिर्की, बैंक ऑफ बड़ौदा के राकेश सिंह, सहित सभी कर्मी मौजूद थे।

